राज्य को मिलीं 5 जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन

चर्चा में क्यों?

9 दिसंबर, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मध्य प्रदेश को कोरोना के हर वेरिएंट से लड़ने के लिये 5 जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन देने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- ये मशीन भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा और ग्वालियर में लगाई जाएंगी। इन मशीनों के रूप में कोरोना के खिलाफ जंग में राज्य सरकार को एक बड़ी उपलब्धि मिली है। इसका लाभ राज्य की जनता को मिलेगा।
- अब तक राज्य के नमूने (कोविड टेस्ट) को दिल्ली भेजा जाता था, जिसकी रिपोर्ट 10 से 12 दिन बाद आती थी, लेकिन जैसे ही ये 5 जीनोम सीक्वेंसिंग मशीन राज्य में लग जाएंगी, रिपोर्ट जल्दी मिल जाएंगी।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग को विशेष बजट देने के साथ ही राजधानी भोपाल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाने की घोषणा की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-got-5-genome-sequencing-machines